कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर म.प्र.भारत

O/O GOVT. KAMLA RAJA GIRLS P.G. AUTO. COLLEGE, GWALIOR (M.P.) INDIA

(Affiliated to Jiwaji University, Gwalior under 2(f) & 12(b) NAAC – 'A' Grade Accredited Institute)

No.....431...../Exam/ KRG/2026 **Date:** 23-10-2026

आवश्यक सूचना

जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की अधिसूचना कमांक जीविवि/परीक्षा –2/गोप/2026/1401 दिनांक 22–10–2026 के द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.एच.एससी.), स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (एम.ए./एम.एससी./एम.कॉम./एम.एच.एससी.) 1 एवं 2 वर्षीय पाठ्यकम, पी.जी.डी.सी.ए. एवं एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर में 2026–27 में प्रवेशित छात्राओं के लिये छात्र प्रोफाइल एवं रजिस्ट्रेशन कराये जाने की लिन्क खोल दी गई है। अतः ऐसी समस्त छात्राऐ निम्न विवरणानुसार कार्यवाही करें।

1 स्नातक प्रथम वर्ष (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम./बी.एच.एससी.), प्रथम वर्ष में नियमित विद्यार्थी के रूप में इस स्वशासी महाविद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं तो उन्हें अनिवार्य रूप से प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन की प्रकिया दिनांक **30–10–2026** तक कराना होगा तभी वे मार्च 2027 में होने वाली स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा शुल्क जमा करके परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

2 स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (एम.ए./एम.एससी./एम.कॉम./एम.एच.एससी.) 1 एवं 2 वर्षीय पाठ्यकम, पी.जी.डी.सी.ए. एवं एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर, बी.ए.एल.एल.बी. प्रथम सेमेस्टर में 2026–27 में नियमित रूप से प्रवेशित विद्यार्थी के रूप में इस स्वशासी महाविद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं तो उन्हें अनिवार्य रूप से प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन की प्रकिया दिनांक **30–10–2026** तक कराना होगा तभी वे नवंबर 2026 में होने वाली प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में परीक्षा शुल्क जमा करके सम्मिलित हो सकेंगे।

उक्त निर्देशों का छात्राऐं अक्षरशः पालन करें, ताकि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये नामांकन की अनिवार्यता समयावधि में पूर्ण हो सके और वे निर्वाध रूप से परीक्षा में शामिल हो सकें।

संलग्नः– जीवाजी विश्वविद्यालय की अधिसूचना।

परीक्षा नियंत्रक

प्राचार्य 23/10/26

PRINCIPAL
Govt. Kamla Raja Girls Post Graduate
Autonomous College, GWALIOR-474

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2026/1401 दिनांक. 22.10.2026

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **All U.G. & P.G. Courses (One Year and Two Year Courses) (For Affiliated College Students) (Session 2026-27)** में प्रवेशित छात्रों के लिये छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु संशोधित–तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं शुल्क का विवरण

कक्षाओं के नाम अन्य विवरण		माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल से उत्तीर्ण एवं जीवाजी विश्वविद्यालय अधिकार क्षेत्र से उत्तीर्ण स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु	माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड से उत्तीर्ण एवं जीवाजी विश्वविद्यालय अधिकार क्षेत्र के बाहर से उत्तीर्ण स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु
All U.G. & P.G. Courses (For Affiliated College Students) (Session 2026-27)	प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क	500/–	1000/–
छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन करते समय Application No. के माध्यम से Form नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	30.10.2026		
छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन विलंब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	31.10.2026		
छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन उपरांत समस्त दस्तावेजों को जाँचोपरांत महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	02.11.2026		

नोट :– समस्त छात्रों को छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन ही नामांकन के रूप में मान्य होगा। पृथक से छात्रों को नामांकन कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

// आवश्यक निर्देश //

1. छात्रों के छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म **Applicant ID** एवं **DOB** के द्वारा एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित होगें।
2. समस्त विद्यार्थियों को छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कराना अनिवार्य है।

3. **समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित पी0जी0 कोर्स के छात्र/छात्राओं को आवश्यक रूप से छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन एम.पी.ऑनलाईन माध्यम से भरना है ऐसे समस्त छात्र/छात्राएं जो प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म नहीं भरेंगे वे परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे।**
4. **उपरोक्त निर्धारित की गई तिथि में किसी भी प्रकार की बढोत्तरी नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि तक ही प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। यदि छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन के आभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।**
5. **एम0पी0ऑनलाइन के पोर्टल पर छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय छात्रों को निम्न दस्तावेज लगाना अनिवार्य है।**
6. **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशय होने की स्थिति में नामांकन शाखा प्रभारी से सम्पर्क कर प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें।**

// आवश्यक दस्तावेज //

1. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल या हायर सैकेण्ड्री की अंकसूची)
3. (10+2) Marksheet स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व–प्रमाणित एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर सील करना अनिवार्य है।
4. Migration Certificate प्रवजन प्रमाण पत्र **(यदि छात्र ने (10+2)/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है)**
5. Eligibility certificate अर्हता प्रमाण–पत्र, मूल निवासी, जाति प्रमाण–पत्र। **(यदि छात्र ने (10+2)/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है)**
6. Gap Certificate **(अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अन्तराल रहा है)**
7. **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र जमा करते समय महाविद्यालय सीट संख्या तथा सम्बद्धता का पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करें अन्यथा महाविद्यालय के आवेदन पत्र जमा नहीं किए जा सकेंगे।**
8. **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म में गलत जानकारी पाये जाने पर पूर्ण जिम्मेदारी छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर।
2. विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त संबंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. उप–कुलसचिव/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा), जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
6. नामांकन शाखा, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
7. श्री एच.के. द्विवेदी प्रभारी आई.टी. सैल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0कुलसचिव(परीक्षा/गोप)